समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘शौंकी सरदार’ का ट्रेलर हुआ रिलीज ! गुरु रंधावा एक्शन और इमोशंस से भरपूर इस ड्रामा मे दंमदार अंदाज़ मे नंजर आए।

Publisher Published on 03 May 2025




## ‘शौंकी सरदार’ का ट्रेलर OUT! गुरु रंधावा ने पंजाब के गर्व को भावनात्मक कहानी के ज़रिए किया उजागर

**बहुप्रतीक्षित फिल्म वॉरियर बाय ब्लड, ब्रदर्स बाय हार्ट**: **शौंकी सरदार** का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है—और यह दमदार एक्शन, दिल छू लेने वाले इमोशंस और प्रभावशाली कहानी के साथ दर्शकों को पूरी तरह बांध लेता है। इस ट्रेलर को मोहाली में आयोजित एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में लॉन्च किया गया। ग्लोबल म्यूज़िक आइकन **गुरु रंधावा** के साथ फिल्म के कलाकार **बब्बू मान, सुनीता ढिल्लों, निमृत कौर अहलूवालिया, हशनीन चौहान** और **धीरज कुमार** भी मौजूद थे। अभिनेता हरसिमरन और एली मंगट ने भी इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

नया ट्रेलर पंजाब की जीवंत पृष्ठभूमि में बसी एक दमदार कहानी की झलक दिखाता है। हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ-साथ फिल्म में भाईचारे और पारिवारिक रिश्तों की गहराई को बखूबी दर्शाया गया है। ट्रेलर को देखकर लगता है कि गुरु रंधावा इस बार अपने करियर की सबसे प्रभावशाली परफॉर्मेंस देने जा रहे हैं, जिसमें उनका किरदार कहानी की दिशा को तय करता है। दर्शक खास तौर पर **गुरु रंधावा** और **निमृत कौर अहलूवालिया** की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर काफी उत्साहित हैं और बेसब्री से फिल्म शौंकी सरदार के रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

ट्रेलर यहां देखें: https://www.youtube.com/watch?v=LDt1iQczGhA

**धीरज केदारनाथ रत्तन द्वारा निर्देशित**, **शौंकी सरदार** का निर्माण **ईशान कपूर, शाह जंडियाली, धर्मिंदर बतौली** और **हरजोत सिंह** ने किया है। यह फिल्म **ज़ी स्टूडियोज़** और **बॉस म्यूज़िका रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड** के बैनर तले, **751 फिल्म्स** के

सहयोग से पेश की गई है और यह **16 मई 2025** को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.